# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 11.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के चमियाणा स्थित अटल चिकित्सा सुपर स्पैशियलिटी संस्थान में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से किए गए पहले ऑप्रेशन का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जल्द ही एक उच्च तकनीक युक्त एम.आर.आई. मशीन भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चमियाणा में एक आंतरिक स्वचालित प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए 23 करोड़ रूपए प्रदान करने की घोषणा भी की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी में 3 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का निवेश कर पुरानी मशीनों को बदल रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चरणबद्ध तरीके से आई.जी.एम.सी. शिमला, नेरचौक, टांडा और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालय में भी रोबोटिक सर्जरी सेवाएं आरंभ की जाएंगी।

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान राज्यपाल ने जगत प्रकाश नड्डा से हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के साथ हिमाचल में विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों और राज्य के कल्याण को लेकर भी विचार विमर्श किया।

### सिकंदर कुमार

केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया है कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में 3 हवाई अड्डे गग्गल, भुंतर और शिमला में कार्यशील हैं। उन्होंने कहा कि इन हवाई अड्डों को विजुअल फ्लाईट रूल्ज़ के अंतर्गत परिचालन का लाईसेंस प्राप्त है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने कुल्लू–मनाली हवाई अड्डे पर विशेष वी.एफ.आर. प्रचालन की सुविधा के लिए एक अप्रोच कंट्रोल यूनिट स्थापित की है। उन्होंने डॉक्टर सिकंदर कुमार को बताया कि प्राधिकरण द्वारा शिमला हवाई अड्डे पर एक अतिरिक्त एप्रन की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए प्रयास किए गए हैं।

### मौसम

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है और राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 14 अगस्त तक अलग–अलग स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है। उन्होंने कहा कि आज चम्बा, कांगड़ा,

मण्डी और सिरमौर जबकि कल 12 अगस्त को कांगड़ा, मण्डी व सिरमौर ज़िले के लिए भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मॉनसून सीज़न में अब तक 10 फीसदी अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## हर घर तिरंगा–फिल्म महोत्सव

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्रालय और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित देशभक्ति फिल्म महोत्सव आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। यह महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त तक सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है।

..........................................